# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर

दूरभाष क्र. 07782-222414, फैक्स- 07782-226820 E-mail : dfobastar@yahoo.co.in


क्र./मा.चि./ 2961 जगदलपुर, दिनांक 13/08/2017

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक,
जगदलपुर वृत्त जगदलपुर

**विषय :-** **Diversion of forest land for non- forest purpose under forest conservation Act, 1980 for the purpoese of Approach Road for Atal Vihar Awas Yojna at Chokawada, area - 0.672 ha. - Ragarding. पंजीयन कमांक / FP/CG/Others/10835/2015**

**संदर्भ :-** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) छ.ग. रायपुर का पत्र क्रमांक / 1688 दिनांक 22.05.2017 ।

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में निवेदन है कि बस्तर वनमण्डल के अंतर्गत ग्राम चोकावाड़ा में आमागुड़ा संरक्षित वनखण्ड कक्ष क्रमांक 1809 पी रकबा 0.672 हे. वनभूमि में पहुँच मार्ग (Approach Road) बनाने हेतु आवेदक कार्यपालन अभियंता, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग जगदलपुर द्वारा प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में प्रस्ताव निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार तैयार कर आपके माध्यम से अपर प्रधान मुख्य संरक्षक छ.ग. रायपुर को प्रेषित किया गया था। जिसमें अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक छ.ग. रायपुर के संदर्भित पत्र द्वारा उठाई गई कमियों/त्रुटियों का बिन्दुवार निराकरण किया गया है।

1. वेब पोर्टल में उक्त आन लाईन प्रकरण के फार्म – 'ए' पार्ट-2 में समस्त जानकारी अपलोड किया गया है। टाईम लाईन एवं फार्म- 'ए' पार्ट-1 आवेदक द्वारा हस्ताक्षर कर प्रस्ताव में संलग्न किया गया है।
2. उक्त प्रकरण में प्रस्तावित क्षेत्र का वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत उपखण्ड स्तरीय समिति का कार्यवाही विवरण प्रस्ताव में संलग्न है। आनलाईन कलेक्टर कार्यालय से भी अपलोड किया गया है।
3. प्रस्ताव की एक मूल प्रति संलग्न है।
4. प्रस्ताव में नाम एवं सील दर्शाया गया है।
5. एन.पी.व्ही. की गणना पत्रक प्रस्ताव में संलग्न है।
6. प्रकरण की वेब एन्ट्री अपडेट किया गया है एवं नवीन टाईम लाईन प्रस्तााव में संलग्न है।

उपरोक्तानुसार प्रस्ताव में कमियों/त्रुटियों का सुधार कर पूर्ण प्रस्ताव 3-3 प्रतियों में संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित है। अतः आवेदक संस्थान द्वारा मांग की गई भूमि को गैर वानिकी प्रयोजन हेतु एवं प्रस्तावित क्षेत्र नक्सल प्रभावित (LWE- Left Wing Extremism Affected Districts) क्षेत्र होने के कारण वनभूमि प्रत्यावर्तन की अनुशंसा की जाती है।

**संलग्न :- प्रस्ताव 3 प्रतियों में।**

**वनमण्डलाधिकारी**
वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर

पृ. क्र./मा.चि./ 2962 जगदलपुर ,दिनांक 13/08/2017

प्रतिलिपि :-

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (भू-प्रबंध/व.सं.अ.) छ.ग. रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कार्यपालन अभियंता, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**वनमण्डलाधिकारी**
वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर